प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

- 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर नई दिल्ली में 'इन्वेस्टर मीट' का आयोजन–आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक के समझौतों पर हुए हस्ताक्षर।

- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सा विभाग को हाई अलर्ट मोड पर रहने के दिये निर्देश।

- प्रदेशभर में आज से समाज कल्याण सप्ताह की शुरूआत–पहले दिन किया जा रहा है बुजुर्गों का सम्मान।

- राज्य के वन्य जीव अभ्यारण्यों के आज से फिर खुलने के बाद पर्यटकों की बढ़ी चहल–पहल।

000

प्रदेश में दिसम्बर में होने जा रहे 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को लेकर कल नई दिल्ली में 'इन्वेस्टर मीट' का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में हुई इस मीट के दौरान प्रदेश में निवेश के लिए राज्य सरकार के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और विभिन्न कंपनियों के बीच 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू को मिलाकर प्रदेश में निवेश के लिए किए गए एमओयू का कुल मूल्य 12 लाख 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। 'इन्वेस्टर मीट' में मुख्यमंत्री के अलावा उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, और अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उद्योग और व्यापार जगत की कई जानी–मानी हस्तियां भी शामिल हुई।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सा विभाग को हाई अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये हैं। श्री खींवसर ने अधिकारियों और कार्मिकों को कार्य स्थल पर मौजूद रहकर रोगियों को जांच और उपचार सेवाएं तुरंत उपलब्ध कराते हुए मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण का प्रबंधन करने को कहा है। श्री खींवसर कल जयपुर में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार आगामी एक महीना मौसमी बीमारियों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है, इसे ध्यान में रखते हुए इनके नियंत्रण के माकूल इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि जिन जिलों में मौसमी बीमारियों के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को लगातार निगरानी रखते हुए एंटीलार्वल, सोर्स रिडक्शन और फॉगिंग सहित अन्य गतिविधियां नियमित रूप से चलाने को कहा। चिकित्सा मंत्री ने अस्पतालों में जांच किट्स और दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने के भी निर्देश दिए।

000

राज्य के सरकारी अस्पतालों में आज से ओपीडी का समय बदल गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। अब अस्पतालों का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। रजिस्ट्रेशन का काम सुबह साढे आठ बजे से शुरू होगा। जेके लोन हॉस्पिटल जयपुर के अधीक्षक डॉक्टर कैलाश मीना ने बताया कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए 8 घंटे की अलग से ओपीडी संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि डेंगू–मलेरिया–चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों के लिए संचालित विशेष ओपीडी सरकारी अवकाश वाले दिन 4 घंटे संचालित की जाएगी।

वहीं आज से सरकारी स्कूलों में समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मानसून की रवानगी के समय पड़ रही तेज गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि शिक्षक संगठनों ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देकर एक अक्टूबर से समय नहीं बदलने की मांग की थी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं, किसानों और उपभोक्ताओं के कल्याण के लिए ही सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण फैसले के बारे में।

000

प्रदेशभर में आज से समाज कल्याण सप्ताह की शुरूआत हो रही है। इस सप्ताह के तहत अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, वृद्धजन, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं के माध्यम से इन्हें लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही लोगों में चिकित्सा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति तथा सामाजिक बुराईयों के खिलाफ जन चेतना जागृत की जाएगी। सप्ताह के पहले दिन आज अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। निर्वाचन विभाग भी आज राज्यभर में 100 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इन वरिष्ठ नागरिकों को देश की निर्वाचन प्रक्रिया में उनके निरंतर योगदान के जरिए भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भागीदारी के वास्ते सम्मानित किया जा रहा है। जिला, उपखंड और पंचायत स्तर तक वरिष्ठजन के लिए सार्वजनिक सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। ऐसे शतायु मतदाता, जो कार्यक्रम स्थल पर आने में असमर्थ हैं, उनका घर जाकर सम्मान किया जाएगा।

000

प्रदेश के वन्य जीव अभ्यारण्य आज से पर्यटकों के लिए फिर से खुल गए हैं। मॉनसून के दौरान तीन महीने बंद रहने के बाद इनके खुलने पर पर्यटकों में उत्साह का माहौल है। सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर राष्ट्रीय बाघ अभ्यारण्य में सफारी के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। इस कारण क्षेत्र में चहल–पहल बढ़ गई है। पाली के सादड़ी और देसूरी वन्य जीव रेन्ज में भी देशी–विदेशी सैलानियों के लिए सफारी शुरू हो गई है। अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में सुबह 6 बजे से सफारी शुरू हुई। इस बार अच्छी बारिश होने से सरिस्का के जंगलों की खूबसूरती बढ़ गई है।

000

राज्य में बारिश का दौर थमने के साथ ही गर्मी का असर बढ़ने लगा है। अधिकतर शहरों में तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया है। राजधानी जयपुर में भी तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 39 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में रिकॉर्ड हुआ। चूरू और सीकर के फतेहपुर में 38 दशमलव 4, बाड़मेर में 38, बीकानेर में 37 दशमलव 6, जयपुर में 36 दशमलव 8 और अजमेर में 35 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इस बीच, पश्चिमी राजस्थान से मॉनसून की विदाई हो चुकी है, वहीं दक्षिणी और पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की बारिश का दौर जारी है।

000

शारदीय नवरात्र के मद्देनजर आमेर महल में संचालित होने वाली हाथी सवारी कल से 13 अक्टूबर तक पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान आमेर महल पर्यटकों के लिये सुबह आठ बजे से शाम साढे पांच बजे तक खुला रहेगा। राजकीय संग्रहालय और आमेर महल अधीक्षक ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्र में भीड़ को देखते हुए हाथी की सवारी बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही रात्रि कालीन पर्यटन भी बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि महल में पर्यटकों के प्रवेश के लिए टिकट बुकिंग व्यवस्था सिंह पोल गेट पर की गई है।

000